42

# अधिनियम उल्लंघन अंतर्गत कार्यो का विवरण

वन संरक्षण अधिनियम 1980 के तहत प्रत्यावर्तन प्रस्ताव के बिना स्वीकृति के श्री अमन कुमार सिंह, प्रबंधक, कार्पो अफेयर, रिलांयस जियो इंफोकॉम लिमिटेड रायपुर के द्वारा दिनांक 26.12.2015 को कक्ष क्र. ओ.ए. 1425 कुदमुरा से हाटी मुख्य मार्ग पर आप्टिकल फाइबर केबल बिछाने के लिए वन भूमि में 2494 र.मी., 0.45 मी. चौड़ाई X1.50 मी गहराई = 1683.45 घ.मी. मिट्टी उत्खनन का कार्य किया जा रहा था। मौके पर कार्यरत जे.सी.बी. का चालक श्री विजय कुमार यादव से पूछताछ करने पश्चात पी.ओ.आर. /5630/15 दिनांक 28.12.2015 परिक्षेत्र अधिकारी कुदमुरा परिक्षेत्र द्वारा दर्ज किया गया व जे.सी.बी. मशीन क्र. CG11AB3341 जप्त किया गया। वाहन चालक श्री विजय कुमार यादव से पूछताछ करने के उपरांत वाहन को जप्त कर वन अपराध प्रकरण क्रमांक 5630/15 दिनांक 28.12.2015 दर्ज किया गया, वाहन मालिक श्री नवल सिह ठाकुर को भारतीय वन अधिनियम 1927 की धारा 33(1) (ख) तथा छ.ग. अभिवहन (वनोपज नियम 2001 के नियम 3 के तहत कारण दशाओं सूचना पत्र क्र. 30 दिनांक 18.01.2016 को दिया गया । श्री नवल सिंह ठाकूर द्वारा दिनांक 25.01.2016 को कारण बताओ सूचना का जवाब प्रस्तुत किया कि जे.सी.बी. वाहन क्रमांक सी.जी. 11 ए.बी. 3341 को श्री विजय कुमार यादव वल्द रामाधार यादव साकिन जैजैपुर ठठारी, जिला– जांजगीर चांपा (छ.ग.) को वैधानिक कार्य हेतु किराये पर दिनांक 20.10.2015 से 20.01.2015 तक 03 माह के लिये किराये पर दी गयी है। तत्पश्चात जे.सी.बी. मशीन क्र. CG11 AB3341 को जप्त किया गया । प्रकरण की जांच उपवनमंडलाधिकारी दक्षिण कोरबा के द्वारा किया गया। उनके द्वारा प्रकरण में अवैध रूप से बिना अनुमति के रिलांयस जियो इंफोकाम लिमि. रायपुर को वनक्षेत्र में कार्य करने का दोषी पाया गया व जे.सी.बी. मशीन क्र. CG11AB3341 को शासन के पक्ष में राजसात करते हुए आ.क्र. 1 दिनांक 3.5.2016 पारित किया गया ।

उक्त आदेश के विरूद्ध नवल सिंह ठाकूर वाहन मालिक के द्वारा अपीली अधिकारी एवं मुख्य वन संरक्षक, बिलासपुर वृत्त बिलासपुर को अपील किया गया । प्रकरण का जांच कर अपीली अधिकारी एवं मुख्य वन संरक्षक, बिलासपुर वृत्त बिलासपुर द्वारा आ.क्र. 223 दिनांक 22.12.2016 द्वारा प्रकरण में रूपये 10,000/– अर्थदण्ड लेते हुये जप्त वाहन जे. सी. बी. मशीन क्र. CG11AB3341 को मुक्त किया गया है।

उप वन मंडलाधिकारी
द० कोरबा उप वनमंडल

वनमंडलाधिकारी
कोरबा वनमंडल कोरबा

C:\Users\user\Documents\Jio reliance.docx